भोपाल,(निप्र)। परिवहन आयुक्त एसके झा ने सोमवार को मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाही करने के निर्देश दिये हैं। श्री झा पुलिस प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान पीटीआरआई मुख्यालय भोपाल में हुई राज्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पीटीआरआई जी. जनार्दन ने सभी सड़क निर्माण एजेंसियों को मार्ग संकेतक तत्काल ठीक करने के निर्देश दिये। समिति की बैठक में पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में सख्त कार्रवाही के निर्देश दिये गए। ओवर-लोडेड, मादक पदार्थों का सेवन कर, शराब पीकर, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, तेज गति से, मोबाइल का उपयोग करते शत-प्रतिशत वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही होगी। सभी विभागों के नोडल अधिकारियों को सभी जिलों के कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों को बगैर हेलमेट के वाहन संचालन पर कार्यालय में प्रवेश प्रतिबंधित करने संबंधी निर्देश जारी करने को कहा गया।

इज्तिमा की तैयारी में रेलवे,स्टेशन पर बनेंगे विशेष काउंटर

भोपाल,(निप्र)। भोपाल में 18 नंबर 21 नवंबर तक आलमी तबलीगी इज्तिमा ईंटखेड़ी में आयोजित होने जा रहा है। भोपाल में तीन दिन तक काफी संख्या में लोगों की संख्या को देखते हुए भोपाल रेल मंडल ने भी तैयारी शुरू कर दी हैं। डीआरएम सौरभ बंदोपाध्याय के निर्देश पर 21 एवं 22 नवंबर को भोपाल स्टेशन पर विशेष काउंटर लगाए जाएंगे। प्लेटफार्म नबंर 1 व 6 पर एक-एक अतिरिक्त बुकिंग काउंटर खोला जाएगा। इसके साथ ही भोपाल रेलवे आरक्षण कार्यालय में एक विशेष काउंटर श्रद्धालुओं के लिए अलग खोला जाएगा। भोपाल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 की ओर एक बड़ा टेन्ट लगाया जाएगा। इसमें 2 बुकिंग अनारक्षित काउन्टर खोले जाएंगे। इसी प्रकार प्लेटफॉर्म नंबर-6 की ओर एक बड़े पंडाल में श्रद्धालुओं के रूकने की व्यवस्था की जाएगी। इसके अतिरिक्त भोपाल स्टेशन एवं प्लेटफॉर्मों पर उदघोषणा एवं गाड़ियों की जानकारी प्रदान करने तथा साफ-सफाई सुनिश्चित की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए रेल सुरक्षा बल एवं शासकीय रेल पुलिस (जीआरपी) विशेष तौर पर तैनात किए जाएंगे।

चौक बाजार में अब फ्री पार्किंग

भोपाल,(निप्र)। भोपाल के चौक बाजार में अब ग्राहकों की 350 से ज्यादा टूव्हीलर फ्री में खड़ी हो सकेंगी। भोपाल व्यापारी महासंघ ने पार्किंग को लेकर नई व्यवस्था की। जिस जगह पर व्यापारी और कर्मचारी अपनी गाड़ियां खड़ी करते थे। वह अब ग्राहकों की गाड़ियों के लिए खाली कर दी गई है। व्यापारियों की गाड़ियां अब संत भवन में खड़ी होगी। सोमवार से यह व्यवस्था लागू भी कर दी गई। अच्छी बात ये है कि पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने के बदले ग्राहकों को एक रुपया भी नहीं देना पड़ेगा। उल्टे व्यापारी महासंघ ने खुद के खर्च पर कर्मचारियों की तैनाती और बेरिकेडिंग की है। करीब डेढ़ सौ पुराने लखेरापुरा, चौक और सराफा के कमोबेश यही हाल है। इन बाजारों में कई रास्ते इतने संकरे है कि दो ऑटो एक साथ न निकल पाएं। वहीं, पार्किंग की जगह नहीं है। इस कारण हर वक्त जाम लगता है और लाखों ग्राहक परेशान होते हैं। त्योहारों के समय तो बाजारों में पैदल चलने में भी परेशानी होती है।

मप्र में फिर ऑपरेशन लोटस की आहट

भूपेन्द्र सिंह के दावे पर कमलनाथ का पलटवार, कहा-बीजेपी के कई विधायक मेरे संपर्क में हैं

भोपाल,(निप्र)। साल 2023 में विधानसभा के चुनाव होना है। कांग्रेस बीजेपी दोनों ही पार्टियां चुनावी तैयारी में जुटी हुई है। इससे पहले एमपी में एक बार फिर आपरेशन लोटस की आहट सुनाई देने लगी है। कांग्रेस की नजर बीजेपी के उन विधायकों पर हैं। जिनके टिकट इस बार कटना तय माना जा रहा है। वहीं बीजेपी का दावा है कि कमलनाथ विधायकों को बंधक बनाने का प्रयास कर रहे हैं, क्योंकि कांग्रेस के कई विधायक बीजेपी के संपर्क में है। दावा किया जा रहा है कि चुनाव से पहले की कांग्रेस के कई विधायक बीजेपी का दामन थाम सकते हैं।

कमलनाथ

मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री भूपेंद्र सिंह ने एक ऐसी बात कही है। जिससे प्रदेश कांग्रेस की चिंताएं बहुत ज्यादा बढ़ सकती हैं। शिवराज सरकार के सीनियर मंत्री भूपेंद्र सिंह ने दावा किया है कि कई कांग्रेस विधायक और नेता बीजेपी में आने को तैयार हैं। लेकिन कमलनाथ अपने विधायकों को बंधक बनाने का प्रयास कर रहे हैं,जिससे वे बीजेपी में शामिल न हो सकें। मंत्री भूपेंद्र सिंह के दावे से कांग्रेस को चिंता तो जरूर होगी क्योंकि इससे पहले 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया और कई विधायकों के कांग्रेस छोड़ भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने से तत्कामलीन कमलनाथ सरकार गिर गई थी और अब पार्टी पूरी कोशिश करेगी कि दोबारा ऐसा ना हो। चर्चा है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा जब एमपी में प्रवेश करेगी। उस सयम कांग्रेस के कुछ विधायक बीजेपी का दाम थाम सकते हैं। ऐसे में कांग्रेस भी पूरी तरह से सजग है।

भूपेंद्रसिंह

इधर छिंदवाड़ा में पूर्व सीएम कमलनाथ ने एक बार फिर से यह दावा किया है कि बीजेपी के कुछ विधायक उनके संपर्क में हैं। लेकिन वे कांग्रेस संगठन से जुड़े नेताओं को ही विधानसभा चुनाव में टिकट देंगे। चार दिन के प्रवास पर छिंदवाड़ा पहुंचे पूर्व सीएम कमलनाथ कलेक्ट्रेट में बैठक के बाद मीडिया से चर्चा के दौरान ये बात कही। उन्होंने कहा बीजेपी के कुछ विधायक संपर्क में हैं और रहेंगे भी। जिन विधायकों को बीजेपी टिकट नहीं देगी तो वे कांग्रेस से संपर्क करेंगे। हालांकि, कमलनाथ ने यह भी कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता कांग्रेस संगठन से जुड़े लोगों को टिकट देने की रहेगी। उन्होंने कहा है कि हर हाल में भी कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाएंगे। चर्चा के दौरान पूर्व सीएम ने यह भी कहा कि जैसे ही सरकार बनेगी तो पूर्व की तरह सबसे पहले छिंदवाड़ा को ही प्राथमिकता मिलेगी।

बीजेपी कांग्रेस दोनों ही पार्टियां अपने अपने दावे कर रहीं है। दोनों की नजर एक दूसरे के विधायकों पर है। बता दें 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार तो बनी लेकिन ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने सभी समर्थक विधायकों के साथ कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गए थे। खास बात यह है कि कमलनाथ सरकार गिराने के इस पूरे मामले को ऑपरेशन लोटस नाम दिया गया था। इस पूरे मामले में बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व से लेकर मध्य प्रदेश बीजेपी के सभी बड़े नेता एक्टिव रहे थे। कमलनाथ सरकार गिरने के बाद राज्य में बीजेपी की सत्ता में वापसी हुई। और शिवराज सिंह चौहान 15 महीने बाद फिर से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। अब एक बार फिर आपरेशन लोटस की आहट सुनाई दे रही है। दोनों पार्टियां अपने अपने विधायकों को बचाने में कामयाब होती हैं या नहीं ये आने वाला वक्त ही बताएगा।

आष्टा में किड्स कार्निवल- 2022 अतुल्य भारत का आयोजन

आष्टा,(निप्र)। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल आष्टा में किड्स कार्निवल 2022 अतुल्य भारत के अंतर्गत बाल मेले का आयोजन किया गया। मु य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन जावेद अली द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। साथ ही भूपेंद्र सिंह चावड़ा तथा प्रियंका सानवी सुराणा स्टॉल तथा डांस के जज के रूप में उपस्थित रहे। बाल मेले में विद्यार्थियों द्वारा भारतीय राज्यों के व्यंजनों तथा संस्कृति का परिचय देते हुए उसी वेश.भूषा में स्वयं को प्रदर्शित किया, जिसमें विभिन्न फूड स्टॉल तथा रोमांचक खेलों तथा रोबोटिक के कुल 28 स्टॉल लगाए गए।

कांग्रेस ने नेहरू जयंती मनाई

आष्टा,(निप्र)। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती देशभर में मनाई गई। कांग्रेस द्वारा जयति क युनिटी हॉल मे मनाई गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष कैलाश परमार द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर रोशनी डालते हुए कहा कि जितने भी कांग्रेस के लोग यहां बैठे है उन सबका यह कर्तव्य है कि वो पार्टी को मजबूत करे। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मीना सिंगी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू जो कि भारत के सबसे पहले प्रधानमंत्री भी रहे। जिन्होने भारत को एक नई सोच दी। आजादी की लड़ाई मे नेहरू जी कई बार जेल गए। इस अवसर पर पार्षद भैया मियां, ,विनीत सिंगी, इदरीस मंसूरी, घनश्याम जांगड़ा, नरेंद्र कुशवाह आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

बाल मेल में बच्चों ने उठाया आनंद

विदिशा,(निप्र)। वात्सल्य विद्यालय में बाल मेले का आयोजन किया गया। इस बाल मेले में मुकेश टंडन, प्रीति शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष, राकेश शर्मा, संदीप डोंगर सिंह, राजेश जैन एवं नगर के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक व पालकगण उपस्थित हुए। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी के अंतर्गत रेन हार्वेस्टिंग, जलचक्र, वायुशोधन प्रणाली, मानव की श्वसन प्रणाली, बायोगेस प्लांट और विद्युत के विभिन्न अनुप्रयोग, सौर उर्जा एवं पुराने समय में कृषि के कार्य में उपयोग किए जाने वाले सिंचाई के साधनों जैसे . रहट, ढेली एवं चरस आदि के उपयोग की कार्यविधि का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था संचालक देवना अरोरा, नमता अरोरा, स्वचिरा अरोरा, प्रतीक कोहली एवं स्वाति अरोरा ने आगंतुक अतिथियों, शिक्षकगणों एवं छात्र-छात्राओं के सम्माननीय अभिभावक गणों के प्रति आभार माना एवं उनको धन्यवाद व्यक्त किया।

गरीब बच्चो के बीच मनाया बाल दिवस

विदिशा,(निप्र)। कल्याणोदय फाउंडेशन हमारे जतरापुरा के बच्चो बीच अपने अध्यक्ष डॉ अमित ठाकुर के नेतृत्व में पहुंच कर सफल शिक्षा समिति के सम्मान सहित बच्चो को स्वल्पाहार और पेन पेंसिल सेट को वितरित कर मनाया। इस अवसर पर फाउंडेशन के सचिव मनीष सिंघई, कोषाध्यक्ष अभिषेक माहेश्वरी, सह सचिव अमोल अग्रवाल और कार्यकारिणी सदस्यों में प्रमोद ठाकुर, बबलू भाई और पंजाबी नवयुवक संघ के सचिव विवेक अरोरा उपस्थित थे। बच्चो को इस दिवस के महत्व को बताया। दिवस का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

नेता प्रतिपक्ष ने उठाए पेसा एक्ट के प्रावधानों पर सवाल

कहा–राज्य सरकार ने छीन लिए अधिकार

भोपाल,(निप्र)। कांग्रेस नेता और विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने पेसा एक्ट के प्रावधानों को लेकर सवाल उठाए है। उन्होंने पेसा एक्ट को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि जनता के चुने हुए सरपंचों, जनपद सदस्यों, जिला पंचायत सदस्यों के अधिकार छीन लिए। जैसे गांव में बिच्छू का डंक काट देते हैं, तो बच्चे उसको हाथ में लिए फिरते हैं। वैसे ही पंचायतों के चुने हुए जनप्रतनिधियों सरपंच, जनपद सदस्यों के डंक काटकर उनके अधिकार छीनकर पावरलैस कर दिया। हम कैसे विश्वासस कर लें कि मुख्यमंत्री पेसा एक्ट का कानून बनाकर जो लागू कर रहे हैं। उसका लाभ आदिवासियों को मिलेगा। यह सिर्फ चुनाव तक के लिए गुमराह करने का षड्यंत्र है। गोविंद सिंह के बयान पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि गोविंद सिंह को अध्ययन कर पहले देखना चाहिए कि पेसा एक्ट क्या है। वह केवल बिच्छू और डंक का ही काम करते हैं। इसलिए उनको यही याद आता है।

आज मप्र आएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

जनजातीय गौरव दिवस पर मप्र लागू होगा पेसा एक्ट

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश सरकार ने जनजातियों के भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर बड़ा आयोजन करने की तैयारी की है। 15 नवंबर को मध्य प्रदेश के शहडोल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके अलावा पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम होंगे। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भाग लेने आएगी। प्रदेश सरकार जनजातीय गौरव दिवस पर प्रदेश में पेसा एक्ट लागू करने जा रही हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार 15 नवंबर को दोपहर 2 बजे जनजातीय गौरव दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए शहडोल पहुंचेगी। इसके बाद शाम 5.25 बजे भोपाल राजभवन आएगी। यहां राष्ट्रपति का स्वागत कार्यक्रम होगा। शाम 6.30 बजे से 7.15 बजे के बीच राष्ट्रपति रातापानी, ओबेदुल्लागंज-इटारसी राजमार्ग को फोरलेन करने का वर्चुअली शिलान्यास करेगी। इसके अलावा डीआरडीई ग्वालियर की लैबोरेटरी (बीएसएल-4) का भी वर्चुअली शिलन्यास करेगी। अगले दिन बुधवार 16 नवंर को राष्ट्रपति 11.30 बजे से 12.30 बजे के बीच महिला स्वसहायता समूहो के सम्मेलन को संबोधित करेगी। यह कार्यक्रम मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होगा। दोपहर 12.45 बजे राष्ट्रपति स्टेट हैंगर भोपाल से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगी।

भाजपा को गौरव दिवस मनाने का अधिकार नहीं:कमलनाथः जनजातीय गौरव दिवस के एक दिन पूर्व कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि हमेशा से आदिवासी समुदाय के खिलाफ काम करने वाली भारतीय जनता पार्टी को आदिवासी दिवस मनाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। कमलनाथ ने अपना बयान जारी करते हुए कहा कि भाजपा हमेशा आदिवासी समुदाय के विरुद्ध कार्य करती है। आदिवासी अत्याचार में मध्यप्रदेश देश में नंबर एक है। ऐसे में सरकार को इस दिवस को मनाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

पेंशनर एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

विदिशा,(निप्र)। बिजली विभाग के पेंशनर एसोसिएशन के सदस्यों ने एमपीएसईबी कार्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना में बैठे अधिकारियों ने बताया कि अन्य राज्यों के मुकाबले मध्यप्रदेश में पेंशनरों का डीए बहुत कम है । छत्तीसगढ़ में केंद्र के बराबर डीए दिया जा रहा है मध्यप्रदेश में 22 फीसदी डीए है। विभाग के पेंशनर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रविचंद मढैया ने बताया कि जल्दी ही इस पर सरकार गौर नहीं करती तो प्रदेश व्यापी आंदोलन किया जाएगा।

अनेक गतिविधियों के साथ मनाया बाल दिवस

आष्टा,(निप्र)। राजश्री एजुकेशन सोसायटी फॉर प्रोफेशन स्टडी द्वारा संचालित राजश्री कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज आष्टा में बाल दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र 100मी. दौड में नवीन चौहान ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर मनोज मालवीय रहे और आकाश राठौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

छात्रा 100मी. दौड में ज्योति सेन ने प्रथम स्थान, निकिता जाट ने द्वितीय और वैशाली महेश्वरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र च मच दौड में निखिल पलासिया ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर सौभाल मालवीय रहे और नवीन चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा च माच दौड में रानी धनगर ने प्रथम स्थान, ज्योति सेन ने द्वितीय और अंजली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र कुर्सी दौड में नवीन चौहान ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर अभिषेक रहे और सात्विक भाटिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा कुर्सी दौड में प्रेरणा दांगी ने प्रथम स्थान, बसकन्या ने द्वितीय और रजनी मालवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र गोला फेंक में आकाश ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर नवीन चौहान और प्रशांत जयसवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा गोला फेंक में सोनम मंसूरी ने प्रथम स्थान, निकिता जाट ने द्वितीय प्रेरणा दंगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय संचालक बी.एस. परमार, प्र.प्रा. अर्जुन परमार, सविता बैरागी, मनोज कमलोदिया, ओमप्रकाश मेवाडा, रामवती मेवाडा, राहुल सेन, प्रहलाद मेवाडा, द्वारकाप्रसाद करमोदिया, पूजा परमार, पुष्पा मेवाडा, भैयालाल वर्मा, रीना चौरसिया, मनीष सोलंकी, दीपिका जाधव, अखिलेश सक्सेना, महेश ठाकुर, ज्योति ठाकुर, तेजसिंह ठाकुर, माया मेवाडा, अरिहंत जैन, बहादुर सिंह, रवि मेवाडा, अरविन्द्र यादव व रीना यादव उपस्थि रहे।

किसानों को खाद लेने के लिए ऑफ लाईन सुविधा

विदिशा,(निप्र)। जिले के किसानो को खाद विक्रय करने में किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए हर स्तर पर प्रबंध सुनिश्चित किए गए है। कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने बताया कि सर्वर डाउन होने पर उर्वरक विक्रय हेतु एसओपी के संबंध में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अवर सचिव द्वारा नवीन दिशा निर्देश जारी किए गए है जिसके तहत जिले की अब 154 समितियों के अलावा सभी डबल लॉक से किसानो को आफ लाइन खाद क्रय करने की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। सर्वर के कारण पीओएस मशीन काम नही करने पर किसानो को उर्वरक वितरक आफ लाइन प्राप्ति के लिए प्रत्येक विक्रय केन्द्र पर पंजी संधारित की जा रही है।

Court Of V Additional District and Session Judge, District Court, Indore Presiding Officer: **निशीथ खरे**

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJCG/0000016/2022)

बसंती ..आवेदक

vs

शेखर ..अनावेदक

Process ID-/2022

पेशी दिनांक :- 21/12/2022

प्रेषिती (1)सर्वसाधारण पता-सर्वसाधारण (2)आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बसंती पता ने मृतक स्व.कमलाबाई पति स्व.रामलाल निवासी शताब्दीपुरम कालोनी कोदरिया तह.महू जिला-इंदौर म.प्र. रेल्वे विभाग से प्रदत्त पेंशन व भाई दिनेश पिता स्व. रामलाल का संरक्षक नियुक्त राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 21 दिसंबर 2022 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 21 दिसंबर 2022को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 05 नवंबर 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया

(निशीथ खरे)

पंचम जिला न्यायाधीश

डॉ. अम्बेडकर नगर जिला इन्दौर (म.प्र.)

यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

In The Court of Vill Civil Judge Of VIII Civil Judge Class-I, District Court, Indore Presiding officer : सतीश वसुनिया

आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु

(RGS A/0000907/2019)

नवीनगुप्ता ---- **वादी**

VS

कुसुम अग्रवाल --- **प्रतिवादी**

Process ID-/2022

पेशी दिनांक :- 16/12/2022

प्रेषिती

कुसुम अग्रवाल पिता बद्रीनारायणजी अग्रवाल पता- ५७, बडा सराफा, जिला-इंदौर, म.प्र.

यह कि प्रार्थी नवीन गुप्ता ने आपके विरुद्ध सिविल सूट ए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है. आप न्यायालय में स्वयं या किसी एसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसजांत हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके आपको यह निर्देश भी दिया जाता है। कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो. और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपका अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदिआप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें । आज तारीख 23 सितंबर 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

सतीश वसुनिया (अष्टम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ) इन्दौर (म.प्र.)

यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

TIRUPATI STARCH & CHEMICALS LIMITED

CIN: L15321MP1985PLC003181

Registered Office : "First Floor", Shreeram Chambers, 12, Agrawal Nagar Main Road, Indore-452001 (M.P) Ph. 0731-2405001-02 e-mail: tirupati@tirupatistarch.com, website: www.tirupatistarch.com

Extract from the Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter / Half Year ended on 30th September, 2022

(₹ in Lacs except EPS)

S. No.	Particulars	Quarter Ended 30.09.2022 Unaudited	Half Year Ended 30.09.2022 Unaudited	Quarter Ended 30.09.2021 Unaudited
1.	Total Income from Operations	9290.99	19266.37	7928.39
2.	Net Profit / (Loss) for the period (before tax, exceptional and / or extraordinary items)	109.95	178.83	148.55
3.	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after exceptional and / or extraordinary items	109.95	178.83	148.55
4.	Net Profit / (Loss) for the period after tax, exceptional and / or extraordinary items)	79.93	119.20	147.75
5.	Total Comprehensive Income for the period, (Comprising Profit (loss) for the period (after Tax) and other Comprehensive Income (after tax)	79.93	119.20	147.75
6.	Equity Share Capital (Face value of ₹ 10/-)	700.0767	700.0767	700.0767
7.	Earnings Per Share (of ₹ 10/- each) (for continuing and discontinued operations) - 1. Basic 2. Diluted	1.14 1.14	1.70 1.70	2.11 2.11

Notes: 1) The above is an extract of the detailed format of Financial Results for Quarter & Half Year ended 30.09.2022 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results is available on the Stock Exchange website **www.bseindia.com** and on the company website **(www.tirupatistarch.com). 2)** The above Un-audited Financial Results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their meeting held on 14th November, 2022.

For and on behalf of the Board of Directors

Sd/-

Amit Modi

(Managing Director)

DIN: 03124351

Date: **14.11.2022**

Place: **Indore**

Notice by way of substitute service Rule 38 of National Company Law Tribunal Rules, 2016

IN THE NATIONAL LAW COMPANY APPELLATE TRIBUNAL, NEW DELHI

COMPANY APPEAL (AT) (INS) NO. 882 OF 2021

(Application by the Appellant under Section 61 of the Insolvency and Bankruptcy Code 2016)

Jagdish Jamaklal Manuskhani)....Appellant

Versus

Vikas Prakash Gupta & Ors.)...Respondents

To Mr. Harraunak Bhatia, Respondent No. 6, Director of Man Tubinox Limited, having his address at Man House, 5th Floor, 15 Pl 3 Scheme No. 54, AB Road, Indore-452008.

The Appellant has filed the above captioned Appeal i.e. Company Appeal (AT) (Ins) No. 882 of 2021 before the National Company Law Appellate Tribunal, New Delhi against the Respondents therein.

Since the notice could not be served upon the Respondent No. 6, pursuant to Order dated 22.08.2022, this public notice being published. In light of the above, the Respondent No. 6 is put to notice to record their appearance on 16.11.2022 when the captioned Appeal will next be taken up for hearing.

Any person desirous of supporting or opposing the captioned Appeal should inform the Appellant or his advocates on his intention to present himself before the National Company Law Appellate Tribunal, New Delhi either directly or through his advocate, before the next date of hearing i.e. 16.11.2022. A copy of the Appeal will be furnished by the undersigned to any person requiring the same on payment of prescribed charges for the same.

Place: New Delhi
Date: 14.11.2022

Sd/-
Astreya Singh
Advocate for the Appellant
LGF G 52, Lajpat Nagar III, New Delhi - 110024
astreyasingh@yahoo.co.in

SAM INDUSTRIES LTD.

CIN: L70102MP1994PLC041416

Regd. Office.; Village: Dakachiya, A. B. Road, Tehsil: Sanwer, District:Indore-453771 M.P.

Tel: 0091-731- 4229717. Fax: 0731-4229724.

Email: secretarial@sam-industries.com • Website: www.sam-industries.com

Extract of Statement of Un-audited Standalone Financial Results for the Quarter ended 30th September, 2022

(Rs. In Lakh except per share data)

Sr. No.	Particulars	Quarter ended 30.09.2022 Unaudited	Half year ended 30.09.2022 Unaudited	Quarter ended 30.09.2021 Unaudited
01	Revenue from operations	652.69	837.15	165.85
02	Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	330.87	396.76	167.14
03	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Extraordinary items)	242.07	273.73	168.63
04	Total Comprehensive Income for the period	242.07	273.73	168.63
05	Paid up Equity Share Capital (Face value of Rs. 10/- each)	1,108.85	1,108.85	1,108.85
06	Other Equity* (Reserve excluding Revaluation Reserves as shown in the preceding year-end audited Balance Sheet)			
07	Earnings Per Equity Share of face value of Rs. 10/- each			
	Basic (in Rs.)	2.18	2.47	1.52
	Diluted (in Rs.)	2.18	2.47	1.52

- Other Equity for the year ended as at March 31, 2022 was Rs.4048.57 Lakhs
- There was exceptional item (0.14 lacs) during the quarter and half year ended September 30, 2022

Notes: 1. The above financial results for the quarter ended 30th September, 2022 were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meeting held on 14th November, 2022, in terms of regulation 33 of SEBI (Listing Obligation & Disclosure Requirements) Regulations, 2015. 2. The Statutory Auditors have performed a "Limited Review" of the above financial results for the quarter ended September 30, 2022. 3. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the BSE Limited Stock Exchange's website at www.bseindia.com and on the Company's website at www.sam-industries.com

For Sam Industries Limited
Kishore Kale
Whole Time Director
DIN: 01743558

Place : Indore
Date: 14.11.2022

भारतीय स्टेट बैंक

रिटेल असेट क्रेडिट सेन्टर, दूसरी मंजिल, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, जीपीओ परिसर, इन्दौर, फोन: 0731-2884122

अचल संपत्ति के लिए कब्जा सूचना (नियम 8 (1))

भारतीय स्टेट बैंक के निम्न हस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 3) की धारा 13(12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके निम्न ऋणगृहिताओं से निम्न वर्णित मांग सूचना की दिनांक से 60 दिन की समयावधि में नीचे लिखित ऋण राशि अदा करने की अपेक्षा की गई थी। चूंकि ऋणगृहिता ने अदायगी में चूक की है अत: ऋणगृहिता तथा सर्वसाधारण जनता को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उपरोक्त नियमों के नियम 8 के अन्तर्गत निम्नवर्णित दिनांक को प्राप्त कर लिया है। ऋणगृहिता को विशेषत: तथा सर्वसाधारण को सामान्यत: सावधान किया जाता है कि इस सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई संव्यवहार न करें और संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर संविदात्मक दर पर देय ब्याज + खर्चे + आनुषंगिक देयतायें इत्यादि के लिए भारतीय स्टेट बैंक के अधीन होगा।

उधारकर्ता का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 के उपबंधो की ओर आकृष्ट किया जाता है।

क्र.	खाता/ऋणी का नाम व पता	अचल संपत्ति का विवरण	मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक	मांग सूचना राशि (₹)
1.